13.02.2025

प्रेस प्रकाशनी

विषय: छात्रों की सफलता में नियमित विद्यालय की भूमिका

नई दिल्ली, 13 फरवरी, 2025 – एक प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्र में हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में जेईई (मुख्य) परीक्षा में एक छात्र की सफलता को रेखांकित किया गया था, जहां छात्र की उपलब्धि को एक "बिना छात्र उपस्थिति वाले" (डमी) स्कूल में नामांकन से जोड़ा गया था। यद्यपि छात्र की उपलब्धि सराहनीय है , रिपोर्ट में कुछ भ्रामक निष्कर्षों को यहाँ संबोधित करना आवश्यक है।

यह देखा गया है कि जिस विद्यालय से छात्र नामांकित था, यानी एसजीएन पब्लिक स्कूल, एच-243, कुंवर सिंह नगर, नांगलोई, दिल्ली-110041, बोर्ड द्वारा उस विद्यालय की सम्बद्धता पिछले वर्ष वापस ले ली गई थी। बोर्ड ने स्कूल के औचक निरीक्षण के लिए दो सदस्यीय समिति का गठन किया था और स्कूल बोर्ड के अन्य अनेक मानदंडों के उल्लंघन के अलावा अनुपस्थित छात्रों को प्रायोजित करता हुआ पाया गया। यह विद्यालय की शैक्षणिक पद्धतियों की वैधता के प्रति चिंता पैदा कर ता है और छात्रों को राष्ट्रीय शैक्षिक मानकों का पालन करने वाले मान्यता प्राप्त संस्थानों में अपनी शिक्षा जारी रखने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

इसके अलावा, बिना छात्र उपस्थिति वाले स्कूलों को नियमित स्कूलिंग की तुलना में एक बेहतर विकल्प के रूप में दर्शाना राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के संदृश्य के अनुरूप नहीं है। यह नीति एक ऐसी समग्र व ठोस शिक्षा का समर्थन करती है जो विवेचनात्मक चिंतन, वैचारिक समझ, और वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान करने वाले तत्वों को प्रोत्साहित करे—जो प्राय: नियमित स्कूलिंग को छोड़कर परीक्षा-उन्मुख कोचिंग वाले छात्रों के मामले में छूट जाते हैं।

नियमित विद्यालय एक संरचित अधिगम का वातावरण सृजित करते हैं जो न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है, बल्कि आवश्यक जीवन कौशल , सामाजिक संवाद, और भावनात्मक स्वस्थता को भी पोषित करता है। जहां कोचिंग संस्थान सीखने में मदद कर सकते हैं , वे एक सम्पूर्ण विद्यालय प्रणाली द्वारा दिए जाने वाले समग्र शैक्षणिक अनुभव का स्थान नहीं ले सकते।

प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता गुणवत्ता युक्त शिक्षा और समग्र विकास की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि छात्र , माता-पिता, और शिक्षक/शिक्षाविद उन संस्थानों को प्राथमिकता दें जो शिक्षण-अधिगम की सच्ची भावना के साथ कार्य करते हैं और राष्ट्रीय शिक्षा मानकों के साथ तालमेल बनाए रखते हैं।

सचिव, सीबीएसई